an>

Title: Regarding taking neccessary steps and provide to relief to the people affected from flood.

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) : अध्यक्ष महोदया, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कई वÂर्षों से बाढ़ आ रही है। मैं बस्ती जिले से चुन कर आया हूं। बस्ती, सिद्धार्थ नगर, संत कबीर नगर, गोंड, गोरखपुर, श्रावस्ती, बलरामपुर सभी जिलों में बाढ़ आती है। मैंने पिछले दो वÂर्षों में कई बार शून्य काल में और प्रश्न के माध्यम से बाढ़ को स्थायी रूप से रोकने के लिए कोई प्रावधान करने की मांग, भारत सरकार से की है और प्रदेश सरकार से भी की है। हमारे यहां बस्ती में तमाम ऐसे गांव हैं, जो बाढ़ से प्रभावित हैं और कुछ गांव कटने की कगार पर हैं।

इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करूंगा कि बस्ती सहित पूर्वांचल के सभी जिलों में बाढ़ से निजात के लिए स्थायी बांध बनाने की व्यवस्था की जाये।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी श्री कमलेश पासवान और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।